# उत्तराखंड ड्रोन प्रमोशन एंड यूसेज पॉलिसी-2023 का खाका पेश

## चर्चा में क्यों?

3 अप्रैल, 2023 को उत्तराखंड की सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी, आईटीडीए की निदेशक नितिका खंडेलवाल ने बताया कि अमेरिकी संस्था मैकेंजी ग्लोबल ने राज्य में ड्रोन को बढ़ावा देने के लिये उत्तराखंड ड्रोन प्रमोशन एंड यूसेज पॉलिसी-2023 का खाका पेश किया है।

## प्रमुख बिंदु

- उत्तराखंड ड्रोन प्रमोशन एंड यूसेज पॉलिसी-2023 के आने से वर्ष 2030 तक राज्य में ड्रोन उत्पादन और सेवाओं से 5000 युवाओं को रोज़गार मिलेगा। इस क्षेत्र में एक हज़ार करोड़ निवेश का लक्ष्य रखा गया है।
- उत्तराखंड ड्रोन प्रमोशन एंड यूसेज पॉलिसी-2023 के तहत इस क्षेत्र में ड्रोन निर्माण में 500 करोड़ रुपए और सर्विसेज में 500 करोड़ रुपए का निवेश होगा।
- ड्रोन के प्रोत्साहन के लिये राज्य में आईटीडीए के अधीन स्टेट ड्रोन कॉर्डिनेशन सेल (एसडीसीसी) गठित की जाएगी। वहीं, आईटीआई कालसी और आईटीआई काशीपुर को निजी सहभागिता से ड्रोन के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तौर पर चुना गया है। यहाँ डीजीसीए ने रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन (आरपीटीओ) बनाने की अनुमति दी है।
- मैकेंजी ग्लोबल के इस प्रस्ताव के तहत निजी संस्थानों को ड्रोन संबंधी कोर्स और प्रशिक्षण कोर्स चलाने को प्रोत्साहित किया जाएगा। सरकारी कॉलेजों और नैक से प्रमाणित निजी विश्वविद्यालयों में ड्रोन स्कूल स्थापित किये जाएंगे।
- उल्लेखनीय है कि सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी, आईटीडीए ने ड्रोन पॉलिसी का ड्राफ्ट वेबसाइट पर जारी कर दिया है। इस पर जनता व हितधारकों से सुझाव मांगे गए हैं। आईटीडीए द्वारा इस पॉलिसी पर जनसुझाव लेने के बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/outline-of-uttarakhand-drone-promotion-usage-policy-2023-gets-presented